<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 24.03.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालातों पर राज्यसभा को किया संबोधित, कहा–ऊर्जा संकट और जहाजों की सुरक्षा को लेकर भारत सतर्क।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आईसीएफएआई विश्वद्यालय के दीक्षातं समारोह में विद्यार्थियों को दी उपाधि, युवाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का किया आह्वान।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने असम और पश्चिम बंगाल में जीत का किया दावा, डुमरी विधायक जयराम महतो ने की पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने की घोषणा।
- चैती छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन आज छठ घाटों पर व्रतियों ने दिया पहला अर्घ्य, कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ होगी पूजा संपन्न।
- राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में बदला मौसम, मौसम विभाग ने 30 मार्च तक मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इस पर भारत का रूख स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में कहा कि भारत ने तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है और इसने विश्व भर में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है क्योंकि इस संघर्ष के कारण व्यापार मार्ग प्रभावित हो रहे हैं।

*****************

केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता का भरोसा दिया है और लोगों से घबराकर खरीदारी न करने की अपील की है। नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड विधानसभा द्वारा पारित 'झारखण्ड विनियोग विधेयक, 2026' को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत दी गई इस मंजूरी के साथ ही वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट का प्रावधान लागू हो गया है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में जैप–1 डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

*****************

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके आप्त सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 20 मार्च को हुई सुनवाई में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 24 मार्च की तारीख तय की थी। ईडी के अधिकारी के पेश नहीं होने के कारण आज की सुनवाई टल गई।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा में होमगार्ड बहाली के अंतिम परिणाम के प्रकाशन पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने आदेश दिया है कि अगली सुनवाई तक रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा। यह आदेश बहाली प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। अदालत ने संबंधित पक्षों को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

*****************

चतरा में होमगार्ड बहाली की नई तिथियां जारी कर दी गई हैं। अब शारीरिक जांच और लिखित परीक्षा 1 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित होगी।
जिला प्रशासन के अनुसार, सभी परीक्षाएं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगी और अभ्यर्थियों को सुबह 6 बजे रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

*****************

पाकुड़ में आयोजित भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में पूर्व मुख्यमंत्री  बाबूलाल मरांडी ने शिरकत की। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि असम में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी। पूर्व सीएम ने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा खनिज संपदाओं की लूट हो रही है।

*****************

डुमरी विधायक और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी 5 से 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। वे धनबाद स्थित पीएमएलए कोर्ट में निजी कंपनी में आंदोलन से जुड़े एक मामले में पेश हुए थे। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है –

*****************

रामगढ़ जिले में अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केदला 6 नंबर क्षेत्र में अवैध खनन के मुहानों को विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर घाटो थाना प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। यह कार्रवाई पुलिस, वन विभाग और सीसीएल की संयुक्त टीम ने की।

*****************

चैती छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन आज राज्य के विभिन्न जिलों सहित हजारीबाग और पाकुड़ के छठ घाटों में भी पहला अर्घ्य दिया गया। सैकड़ों छठ व्रतियों ने शिव शीतला मंदिर और कालीभसान पोखर के छठ घाटों पर भगवान सूर्य की आराधना की और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।
वहीं साहिबगंज में शकुंतला सहाय घाट, मुक्तेश्वर धाम घाट, बिजली घाट,मदन मोहन मालवीय घाट पर सैकड़ो की संख्या में चैती छठ का व्रत और अर्घ्य दिया गया।

*****************

कुछ संक्षिप्त खबरें–

- गढ़वा में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, बैठक में उपायुक्त ने स्कूलों और कॉलेजों में अभियान चलाने का निर्देश दिए।
- हजारीबाग में विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाए गए, लेकिन कई अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी समिति ने आपत्ति जताई।

*****************

रांची सहित झारखंड के कई जिलों में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने 30 मार्च तक मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। 24, 27 और 28 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 29 और 30 मार्च को भी कई हिस्सों में खराब मौसम की आशंका है।

*****************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर अंतर जिला एच.पी. बोधनवाला ट्रॉफी 2025–26 के लिए रांची जिला टीम का गठन कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता टोरियन स्कूल मैदान, ऊषा मार्टिन मैदान और जेएससीए स्टेडियम धुर्वा में खेली जाएगी।

********समाप्त*********